कार्यालय :- वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल।
E-mail Address : dfo-chatranorth@gov.in, Phone No. : 06541-296022

पत्रांक : 2674 दिनांक : 10.11.2020

सेवा में,

प्रबंधक,
झारखण्ड उर्जा संचरण निगम लि0
संचरण अवर प्रमंडल, चतरा।

विषय :– **मौजा– बोड़ा, थाना–हंटरगंज, जिला–चतरा में प्रस्तावित 132 के.वी. ग्रिड सबस्टेशन निर्माण में अपयोजित होने वाली वनभूमि 4.04 हे0 के बदले क्षतिपुरक वनरोपण हेतु स्थल चिन्हित के सम्बंध में।**

प्रसंग :– आपका पत्र संख्या– 145 दिनांक 14.10.2020

महाशय,

उपयुर्क्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के सम्बन्ध में सूचित करना है कि मौजा– बोड़ा, थाना–हंटरगंज, जिला–चतरा में प्रस्तावित 132 के.वी. ग्रिड सबस्टेशन निर्माण में अपयोजित होने वाली वनभूमि के बदले दो गुणा क्षतिपुरक वनरोपण हेतु मौजा– कुजरम, थाना/नं0– हंटरगंज 155, खाता संख्या– 01, प्लॉट सं0– 05 में रकवा– 8.08 हे0 (20 एकड़) स्थल चिन्हित कर DGPS, Toposheet, Kml File समर्पित किया गया है, जिसकी जांच अधोहस्ताक्षरी द्वारा की गयी, जिसमें आंशिक त्रुटियां पाई गई, जो निम्नलिखित है :–

1. समर्पित DGPS मैप में वन सीमा रेखा नहीं दर्शाया गया है, वन सीमा रेखा को पीलर की संख्या सहित दर्शाते हुए DGPS मैप समर्पित किया जाय, चुँकि प्लॉट संख्या–05 अधिसूचित वनभूमि है, तथा आपके द्वारा भी इसी प्लॉट में भूमि उपलब्ध करायी गयी है। सुरक्षित वन भूमि तथा क्षतिपुरक भूमि को DGPS मैप पर स्पष्ट किया जाय।
2. DGPS मैप के चारो ओर (East, West, North & South) किनारे पर अक्षांश/देशान्तर **(Lat/Long)** दर्शाया जाय।
3. क्षतिपुरक वनरोपण हेतु उपलब्ध करायी गयी भूमि का Non Encumberance free एवं अतिक्रमण मुक्त से संबंधित प्रमाण पत्र समर्पित किया जाय।
4. प्रस्तावित भूमि का ट्रेसिंग पेपर पर ट्रेस मानचित्र–16"=1mile के आधार पर हस्ताक्षरित प्रति।

अतः निर्देश है कि उपरोक्त बिन्दुवार तथा संशोधित DGPS, Kml File (CD) उपलब्ध करायी जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन
Vikas 10/11/2020
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल।
10/11/2020

E:\MAP SECTION\Map Section Work 2020-21\Map Sec. Forward 20-21.docx